INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Class Work
Worksheet No: 8	Topic: अपठित अर्थ ग्रहण	Note: Pl File in portfolio

प्रश्न-दिए गए गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं- सड़क पर ठेला लगानेवाला, दूधवाला, नगर निगम के सफाई कर्मी बस कंडक्टर स्कूल अध्यापक हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किन्तु यदि अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता। इस सन्दर्भ में गाँधीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरवा से भी उनके मतभेद हो गए थे। बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कृष्ट रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुन्दरलाल बहुगुणा ने अपने प्रसिद्ध चिपको आन्दोलन के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा– जैसी महान आत्माओं ने इसी सत्य को ग्रहण किया। इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर शासन किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक क्षितिज वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए|

प्रश्न 2. विभिन्न व्यवसाय करनेवाले लोगों के समाज में निम्न स्तर और उच्च स्तर को किस आधार पर तय किया जाता है?

प्रश्न 3. एक माली तथा सफाई कर्मी का कार्य किसी सचिव के कार्य से बेहतर कैसे माना जा सकता है?

प्रश्न 4. ''वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता।'' उपर्युक्त पंक्तियों को अपने शब्दों में समझाइए।

प्रश्न 5. उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिसके कारण गाँधीजी का अपनी पत्नी से मतभेद हो गया था।

प्रश्न 6. बाबा आमटे और सुन्दरलाल बहुगुणा किन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जाने जाते हैं?